करणगढ़ से होकर गुजरने वाली लाड़की नदी पर पुलिया निर्माण को मिली स्वीकृति

कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया के प्रयासों से मोई चारणी के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, 243.63 लाख रुपये की राशि स्वीकृत



पेटलावद। विकासखंड की ग्राम पंचायत मोई चारणी के ग्रामीणों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। माननीय कैबिनेट मंत्री एवं महिला तथा बाल विकास विभाग की मंत्री निर्मला भूरिया के अथक प्रयासों से ग्राम पंचायत करणगढ़, जनपद पंचायत पेटलावद अंतर्गत करणगढ़ से होकर गुजरने वाली लाड़की नदी पर पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के लिए 243.63 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा नदी पर पुलिया निर्माण की मांग की जा रही थी। बरसात के दिनों में नदी पार करने में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पुलिया निर्माण होने से आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

ग्रामीणों की मांग को मिली प्राथमिकता

क्षेत्र के ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार पुलिया निर्माण की मांग उठाई जा रही थी। मंत्री निर्मला भूरिया के प्रयासों से इस मांग को स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। पुलिया बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं दैनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी।

विकास कार्य से क्षेत्र को मिलेगी नई सौगात

पुलिया निर्माण की स्वीकृति क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर समय पर पूर्ण होगा, जिससे वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। ग्रामीणों एवं भाजपा पेटलावद मंडल उपाध्यक्ष छगनलाल गामड़, बाबुलालजी टाक, लालचंद टाक, अशोक टाक, टिटालाल गरवाल, शंभू निनामा, मांगीलाल मैडा, वैभव टांक, भूरा लाल टाक, राजू मुणीया, पूर्व सरपंच रमेश गरवाल, प्रकाश पहलाया, काना गरवाल, मोहन गरवाल, संजय टाक, खुमचंद भाभर, मंगलिया कटारा कालू पटेल, खुशाल पटेल, नरसिंह गामड, रमेश मुणीया, नगू मुणीया, राकेश गरवाल , मोरसिंग गरवाल, राजेंद्र वसुनिया, गुडी भाभर, जगुसिंग गामड, आदि कार्यकर्ताओं ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पीएम श्री कन्या विद्यालय नागदा में विकासखंड स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता संपन्न





नागदा जं. निप्र। मंगलवार को पीएम श्री कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय एवं अंतर विद्यालय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया, जिसमें विकासखंड खाचरोद अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल, हाई सेकेंडरी एवं चयनित अशासकीय विद्यालय ने 62 मॉडल प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सत्र न्यायाधीश चंद्रसेन मुवेल, मनीष पांडे, फातिमाजी, सोनम एवं नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डीके मेहता एवं निर्णायक मंडल में कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य केसी मिश्रा, आदित्य बिरला की हाई सेकेंडरी के वरिष्ठ व्याख्याता डीके गांधी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खाचरोद के विषय विशेषज्ञ गोरेलाल पंवार एवं अभिषेक सिंह के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया सभी अतिथियों का स्वागत प्राचार्य देवेंद्र कुमार दवे एवं अंजना कुशवाह, एमएच मंसूरी, राज लक्ष्मी स्वामी अंजना अग्रवाल ने किया। स्वागत भाषण मे प्राचार्य श्री दवे ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन इस विद्यालय में पहली बार हो रहा है, इसमें बच्चों के नवाचार एवं बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन मिलेगा श्री मंसूरी ने विज्ञान प्रदर्शनी के बारे में मानव जीवन को सुलभ बनाए जाने के बारे में बताया।

नवोदय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी की महत्व एवं हमारे शैक्षिक परिदृश्य के बारे में बताया कि यह क्यों नितांत आवश्यक है और छोटे प्रयोग से कैसे आगे बढ़ा जा सकता है। इसी प्रकार डीके गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों में होते रहना चाहिए। डॉ मिश्रा ने अपने अपने उद्बोधन में बच्चों को अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

निर्णायक द्वारा 62मॉडल का मूल्यांकन किया गया एवं प्रथम, दितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पारितोषिक प्रदान किया गया। इसमें प्रथम स्थान हाइड्रोलिक पंप अमान मंसूरी एवं इंशात गौर आदित्य बिरला हाई सेकेंडरी स्कूल नागदा, द्वितीय स्थान व्योम सोनी एवं अनुरागसिंह आदित्य बिरला सीनियर सेकेंडरी स्कूल नागदा विद्युतीकरण यंत्र ने प्राप्त किया तृतीय ग्रीन वैली यूवराज बैरागी एवं आरोग्य आगोशदीप स्कूल नागदा ने प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्रीमती अंजना कुशवाह, मनोहर अखंड, अखिलेश पाटीदार, शबनम खान, ज्योति गेहलोत, सुनील भाटिया, प्रीति गुप्ता, संजय गुप्ता रहे आभार विज्ञान की वरिष्ट शिक्षिका श्रीमति राजलक्ष्मी स्वामी ने माना।

पुलिस की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल

सड़क दुर्घटना में घायल तीन व्यक्तियों की पुलिस टीम ने तत्काल मदद कर बचाई जान, गंभीर घायल को दिया सीपीआर

अलीराजपुर। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर श्रीमती ज्योति उमट बघेल ने बताया कि दिनांक 03.11.2026 को थाना प्रभारी उदयगढ़ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे एवं चौकी प्रभारी सेजावाड़ा सउनि जयवीरसिंह भदौरिया अपनी अधीनस्थ पुलिस टीम के साथ एक आरोपी की धरपकड़ के संबंध में उदयगढ़ से जोबट की ओर रवाना हुए थे।

पुलिस टीम अपने शासकीय कार्य के लिए जा रही थी, तभी रास्ते में ग्राम थांदला रनबयड़ा मेन रोड पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल अवस्था में सड़क पर पड़े दिखाई दिए। पास पहुंचकर पुलिस टीम ने देखा कि दुर्घटना में घायल तीनों व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता थी तथा उनमें से एक घायल की स्थिति अत्यंत गंभीर प्रतीत हो रही थी। ऐसी परिस्थिति में पुलिस टीम ने मानवता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए तत्काल घायलों की सहायता करना प्रारंभ किया।

चौकी प्रभारी सेजावाड़ा सउनि जयवीरसिंह भदौरिया द्वारा गंभीर घायल की स्थिति को देखते हुए बिना समय गंवाए तत्काल सीपीआर (हृदय) दिया गया, ताकि घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। वहीं थाना प्रभारी उदयगढ़ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे द्वारा तत्काल डायल-112 को कॉल कर घटनास्थल पर पहुंचने हेतु सूचित किया गया।

पुलिस अधिकारियों की तत्परता एवं आपसी समन्वय से कुछ ही समय में डायल-112 वाहन घटनास्थल पर पहुंचा, जिसके माध्यम से तीनों घायलों को तत्काल उपचार हेतु शासकीय अस्पताल उदयगढ़ पहुंचाया गया। अस्पताल में तीनों घायलों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। वर्तमान में तीनों घायल उपचाररत हैं तथा उनकी स्थिति स्वस्थ बताई गई है। पुलिस टीम द्वारा समय रहते दिखाई गई सजगता, सूझबूझ एवं त्वरित कार्यवाही से दुर्घटना के बाद घायलों को बिना विलंब चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी।

पुलिस अधीक्षक ने की सराहना- पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह द्वारा थाना प्रभारी उदयगढ़ निरीक्षक बजभूषण हीरवे, चौकी प्रभारी सेजावाड़ा सउनि जयवीरसिंह भदौरिया एवं उनकी टीम द्वारा प्रदर्शित कर्तव्यनिष्ठा, तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराधियों की धरपकड़ एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद नागरिकों की सहायता करना भी पुलिस के कर्तव्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

आलीराजपुर पुलिस आम नागरिकों से भी अपील करती है कि सड़क दुर्घटना अथवा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में घायल व्यक्ति की सहायता के लिए आगे आएं तथा तत्काल डायल-112 पर सूचना दें। समय पर दी गई सहायता एवं त्वरित चिकित्सकीय उपचार किसी भी व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

आलीराजपुर पुलिस, आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प।

भारतीय सेना और एसबीआई में 40 वर्षों से अधिक सेवाएं देने के बाद गोपाल राठौड़ हुए सेवानिवृत्त

पेटलावद। देश सेवा से लेकर बैंकिंग क्षेत्र तक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने वाले गोपाल भैरूलाल राठौड़ की लंबी सेवा यात्रा पूर्ण होने पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा पेटलावद में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया।



इस अवसर पर शाखा प्रबंधक, बैंक के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने श्री राठौड़ के सेवाकाल को याद करते हुए उनका सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गोपाल भैरूलाल राठौड़ ने अपने सेवाकाल की शुरुआत 4 दिसंबर 1984 को भारतीय सेना में की थी। उन्होंने 31 दिसंबर 2001 तक भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने 17 वर्ष 27 दिनों तक देश की सेवा की। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में अपनी नई पारी शुरू की। 29 मार्च 2003 को भारतीय स्टेट बैंक में सेवाएं प्रारंभ कीं और 31 मार्च 2026 तक लगातार 23 वर्ष 7 माह 2 दिन तक बैंक में अपनी सेवाएं दीं।

इस प्रकार श्री राठौड़ ने भारतीय सेना और भारतीय स्टेट बैंक में मिलाकर चार दशकों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दीं। उनका सेवाकाल अनुशासन, समर्पण, मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण रहा।

एसबीआई शाखा पेटलावद में आयोजित समारोह में शाखा प्रबंधक सहित बैंक स्टाफ और नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्री राठौड़ का सम्मान किया। इस दौरान उनके कार्यकाल और सहयोगपूर्ण व्यवहार को याद किया गया। बैंक परिवार की ओर से उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

वहीं पुराना नाके पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेंद्र काका भंडारी एवं वार्ड पार्षद अनुपम भंडारी ने श्री राठौड़ का स्वागत किया। इस दौरान उनके सम्मान में स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। यहां उपस्थित लोगों ने उन्हें सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं देते हुए उनके लंबे सेवाकाल की सराहना की।

समारोह उनके जीवन की दो महत्वपूर्ण यात्राओं का साक्षी बना। एक ओर भारतीय सेना में रहकर देश की सेवा का गौरवपूर्ण अध्याय रहा, तो दूसरी ओर बैंकिंग क्षेत्र में वर्षों तक जिम्मेदारी निभाकर उन्होंने अपनी कार्यकुशलता और समर्पण का परिचय दिया। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर उपस्थितजनों ने उनके स्वस्थ, सुखद और मंगलमय भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर आर्यभट्ट पत्रकार सघ सांवरिया मित्र मंडल, मोदी राठौड़ युवा सेना झाबुआ सहित गोपाल राठौड़, नितेश राठौड़, दीपक राठौड़, हरीश राठौड़, अनूप भंडारी, सुरेंद्र भंडारी, शिवा राठौड़, अर्जुन ठाकुर, चंदू राठौड़, कमलेश राठौड़, सुमन सोलंकी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

असहनीय पीड़ा से जूझ रही गौ माता का श्री राम गौशाला परिसर में किया गया हॉर्न कैंसर का सफल ऑपरेशन...

अलीराजपुर नि.प्र.। गौ माता की सेवा, सुरक्षा एवं उपचार के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए श्री राम गौशाला, आलीराजपुर में एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण चिकित्सा कार्य किया गया। सींग में कैंसर (हॉर्न कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित एक गौ माता का सफल ऑपरेशन श्री राम गौशाला परिसर में ही किया गया।

गौ माता काफी समय से इस गंभीर बीमारी के कारण अत्यधिक पीड़ा और तकलीफ से गुजर रही थी। वह बेजुबान अपनी पीड़ा किसी से कह नहीं सकती थी, लेकिन उसकी तकलीफ को समझते हुए श्री राम गौशाला के सदस्यों ने उसके उपचार की पहल की और पशु चिकित्सकों से संपर्क कर ऑपरेशन की व्यवस्था गौशाला परिसर में ही करवाई। कृष्णकान्त बेड़िया और संजय गेहलोद ने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफल बनाने में पशु चिकित्सक डॉ. रोशन बेरवा, डॉ. प्रवीण दुबे एवं डॉ. दशरथ निगवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उनके सहयोगी संतोष, नूरू एवं महेश ने भी अपना सराहनीय योगदान दिया।

ऑपरेशन के दौरान श्री राम गौशाला के सदस्यों ने भी चिकित्सकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया। सभी के सामूहिक प्रयास, चिकित्सकीय अनुभव और सेवा भावना से गौ माता का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पूरे कार्य की सबसे खास बात यह रही कि गौ माता को उपचार के लिए कहीं बाहर ले जाने के बजाय श्री राम गौशाला परिसर में ही ऑपरेशन की व्यवस्था की गई।

हृदय से आभार एवं धन्यवाद

श्री राम गौशाला समिति की ओर से सभी पशु चिकित्सकों, उनके सहयोगियों एवं गौशाला के कर्मठ सदस्यों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद, जिन्होंने अपना समय, अनुभव और मेहनत गौ माता की सेवा में समर्पित की।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का किया गया आयोजन

आलीराजपुर। प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी गई तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस दौरान कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई में जनसुनवाई में तहसील सोंडवा के ग्राम डाबड़ी के भगत फलिया के निवासियों ने पेयजल समस्या के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि नवीन हैंडपंप खनन नहीं होने के कारण हम ग्रामीणों को पेयजल से संबंधित काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट के चलते ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि फलिया में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है।हमारे फलिये में नवीन हैंडपंप खनन कराया जाए ताकि फलिया के सभी निवासियों को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके।इस तरह श्रीमती परमीली पति माधु ने स्वीकृत कूएँ के निर्माण कार्य के लंबित बिलों का भुगतान कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि शासकीय योजना कपिलधारा के तहत उन्हें वर्ष 2021 में कूएँ निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई थी ।

उक्त निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत भी स्वीकृत राशि आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई । लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण मुझे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुझे स्वीकृत कुएँ लंबित राशि का शीघ्र भुगतान कराए जाएं ।

असहनीय पीड़ा से जूझ रही गौ माता का श्री राम गौशाला परिसर में किया गया हॉर्न कैंसर का सफल ऑपरेशन

आलीराजपुर नि.प्र.। गौ माता की सेवा, सुरक्षा एवं उपचार के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए श्री राम गौशाला, आलीराजपुर में एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण चिकित्सा कार्य किया गया। सींग में कैंसर (हॉर्न कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित एक गौ माता का सफल ऑपरेशन श्री राम गौशाला परिसर में ही किया गया।



गौ माता काफी समय से इस गंभीर बीमारी के कारण अत्यधिक पीड़ा और तकलीफ से गुजर रही थी। वह बेजुबान अपनी पीड़ा किसी से कह नहीं सकती थी, लेकिन उसकी तकलीफ को समझते हुए श्री राम गौशाला के सदस्यों ने उसके उपचार की पहल की और पशु चिकित्सकों से संपर्क कर ऑपरेशन की व्यवस्था गौशाला परिसर में ही करवाई।

कृष्णकान्त बेड़िया और संजय गेहलोद ने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफल बनाने में पशु चिकित्सक डॉ. रोशन बेरवा, डॉ. प्रवीण दुबे एवं डॉ. दशरथ निगवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उनके सहयोगी संतोष, नूरू एवं महेश ने भी अपना सराहनीय योगदान दिया।

ऑपरेशन के दौरान श्री राम गौशाला के सदस्यों ने भी चिकित्सकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया। सभी के सामूहिक प्रयास, चिकित्सकीय अनुभव और सेवा भावना से गौ माता का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पूरे कार्य की सबसे खास बात यह रही कि गौ माता को उपचार के लिए कहीं बाहर ले जाने के बजाय श्री राम गौशाला परिसर में ही ऑपरेशन की व्यवस्था की गई।

हृदय से आभार एवं धन्यवाद

श्री राम गौशाला समिति की ओर से सभी पशु चिकित्सकों, उनके सहयोगियों एवं गौशाला के कर्मठ सदस्यों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद, जिन्होंने अपना समय, अनुभव और मेहनत गौ माता की सेवा में समर्पित की।

1.99 हेक्टेयर शासकीय चरनोई भूमि निजी नामों से मुक्त, शासन के नाम दर्ज करने के आदेश

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की सख्ती, अवैध कब्जा मिलने पर बेदखली और जिम्मेदारों पर कार्रवाई के निर्देश

आलीराजपुर। ग्राम खरखड़ी में शासकीय चरनोई भूमि को निजी नामों पर दर्ज कराकर क्रय-विक्रय किए जाने के मामले में कलेक्टर न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 1.9900 हेक्टेयर (लगभग 4.92 एकड़) भूमि को निजी नामों से हटाकर पुनः मध्यप्रदेश शासन के नाम चरनोई मद में दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

जांच में पाया गया कि उक्त भूमि मूलतः शासकीय चरनोई भूमि थी, जिसे वर्ष 1977-78 में तत्कालीन ग्राम कोटवार भलजी को सेवा भूमि के रूप में दिया गया था।

वर्ष 1992-93 में सक्षम प्राधिकारी के आदेश के बिना इसे भूमिस्वामी अधिकार में दर्ज कर दिया गया।

इसके बाद भूमि का विभाजन कर अलग-अलग व्यक्तियों के नाम हस्तांतरण एवं क्रय-विक्रय किया गया।

कलेक्टर न्यायालय ने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 183 के तहत निजी नामों की प्रविष्टियां विलोपित कर भूमि शासन के नाम दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि मौके पर जांच कर अनाधिकृत कब्जा पाए जाने पर धारा 248 के तहत बेदखली की कार्रवाई करें।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले में शासकीय एवं चरनोई भूमि का नियमित सत्यापन करने, राजस्व अभिलेखों का मौके की स्थिति से मिलान करने तथा अवैध नामांतरण एवं अतिक्रमण के मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि के संरक्षण में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए।

प्रकरण में तत्कालीन तहसीलदार, पटवारी एवं संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 नवंबर तक EOI आमंत्रित

आलीराजपुर। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिले के औद्योगिक क्षेत्र सेजावाड़ा, तहसील चंद्रशेखर आजाद नगर में स्थित दो औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOI) आमंत्रित किए गए हैं। इनमें प्लॉट क्रमांक 06 (858 वर्गमीटर) एवं प्लॉट क्रमांक 33 (1866 वर्गमीटर) शामिल हैं।

इच्छुक आवेदक 1 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे से 15 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रत्येक भूखंड के लिए 5 हजार रुपये आवेदन शुल्क तथा आवेदित भूमि की प्रचलित प्रव्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा।

भूखंडों का आवंटन एमएसएमई औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन तथा प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।